# मिलकर करें मिलान

पाठ में से चुनकर कुछ शब्द नीचे दिए गए हैं। अपने समूह में इन पर चर्चा कीजिए और इन्हें इनके सही अर्थों से मिलाइए। इसके लिए आप शब्दकोश, इंटरनेट या अपने परिजनों और शिक्षकों की सहायता ले सकते हैं।

| शब्द | | | अर्थ |
|---|---|---|---|
| 1 | साबूदाना | 1. | किसी विशिष्ट कार्य के लिए घेरकर बनाया हुआ स्थान। |
| 2 | वार्ड | 2. | एक प्रकार का जाड़े का ओढ़ना जिसका कपड़ा दोहरा होता है और जिसमें रुई भरी होती है। |
| 3 | नर्स | 3. | शरीर का तापमान (जैसे बुखार) नापने का एक छोटा यंत्र। |
| 4 | रजाई | 4. | कई तरह की जड़ी-बूटियों और औषधियों को उबालकर उनके रस से बना पेय होता है। इसे सर्दी-जुकाम, खाँसी-बुखार और पाचन से जड़ी समस्याओ में लाभदायक माना जाता है। |
| 5 | थर्मामीटर | 5. | रेशमी, ऊनी, मलमल जैसे नाजुक कपड़ों को पानी, साबुन और डिटर्जेंट के बिना मशीनों से साफ करने वाला व्यक्ति |
| 6. | काढ़ा | 6. | उत्तर प्रदेश के आगरा शहर में स्थित 17वीं सदी में निर्मित एक विश्व-प्रसिद्ध स्मारक जो सफेद संगमरमर से बना है। |
| 7. | ड्राइक्लीनर | 7. | एक दाल जिसे तुअर भी कहते हैं। |
| 8. | ताजमहल | 8. | सागू नामक वृक्ष के तने का गूदा, सागूदाना, यह पहले आटे के रूप में होता है और फिर कूटकर दानों के रूप में सुखा लिया जाता है। |
| 9. | अरहर | 9. | वह व्यक्ति जो रोगियों, घायलों या वृद्धों आदि की देखभाल करे। |